संपादकीय

कैसे बचे पानी ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया के सामने मंडरा रहे एक भयानक संकट की ओर ध्यान दिलाया है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने जल संकट पर चिंता जाहिर की और कहा कि भारत में बारिश के पानी का संचय करने की कोई व्यवस्था न होने के कारण बहुत ज्यादा पानी बर्बाद हो जाता है। उन्होंने पानी के संरक्षण के लिए तीन अहम सुझाव दिए, एक तो यह कि इसके लिए जन आंदोलन की शुरुआत हो, दूसरे जल संरक्षण के लिए पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए, तीसरा यह कि जल संरक्षण से जुड़ी सभी जानकारियां शेयर की जाएं। इसके लिए काम करने वाले लोगों से जो जानकारी मिले, उसे हैशटैग जनशक्ति फॉर जलशक्ति के साथ साझा किया जाए ताकि उसका एक डाटाबेस बनाया जा सके।

भारत में जल संकट हमारे अनुमान से कहीं ज्यादा है। चीन ने तो 1500 घन मीटर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष का आंकड़ा आते ही वॉटर इमरजेंसी का ऐलान कर दिया था जबकि हमारे यहां जल उपलब्धता इससे नीचे जा चुकने के बाद भी हम इत्मीनान से हैं। 20 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान देश के 91 प्रमुख जलाशयों में 27.265 अरब घन मीटर पानी बचा था, जो इनकी कुल संग्रहण क्षमता का मात्र 17 प्रतिशत है। पिछले दिनों चेन्नै के जल संकट की खबर आई। वहां इसी सप्ताह चार जलाशय सूख गए और अब बहुत कम मात्रा में पेयजल बचा हुआ है। दूसरे महानगरों का भी हाल बहुत अच्छा नहीं है। बंगलुरु का भूजल स्तर पिछले दो दशक में 10-12 मीटर से गिर कर 76-91 मीटर तक जा पहुंचा है। दिल्ली का भूजल भी लगातार कम हो रहा है। महाराष्ट्र 47 साल का सबसे बड़ा सूखा झेल रहा है। अन्य कई राज्य भी इसकी चपेट में आ गए हैं। नीति आयोग की मानें तो अभी जो रुझान हैं उनके जारी रहते 2020 तक 21 शहरों में भूजल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। आयोग का कहना है कि 2030 तक देश की 40 फीसद आबादी इस गंभीर समस्या की चपेट में होगी।

इस समस्या का एक सिरा सरकार से जुड़ता है तो दूसरा आम जनता से। जल प्रबंधन राज्यों का विषय है। अलग-अलग राज्यों में इसे लेकर अनेक नियम बने हुए हैं लेकिन उनका पालन कड़ाई से नहीं होता। महाराष्ट्र जैसे राज्य में जल संरक्षण के लिए बनी कई सरकारी परियोजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। लोग अब भी पानी को लेकर लापरवाह रहते हैं। सबसे बड़ी बात है कि पानी बचाने की सारी कवायद तीखी गर्मियों में ही होती है। बरसात शुरू होते ही तमाम प्रयास ढीले हो जाते हैं, जबकि पानी संचित करने की संभावना इसी सीजन में सबसे ज्यादा होती है। पानी को लेकर पारंपरिक रास्ते अपनाने और जल आंदोलन चलाने की बात सामाजिक कार्यकर्ता और विशेषज्ञ पहले से कहते आ रहे हैं पर अभी स्वयं प्रधानमंत्री ने इसे कहा है तो शायद सचमुच कुछ बदलाव देखने को मिले।

बैंकों में जमा है 15000 करोड़ रुपए की राशि, नहीं मिला रहा कोई भी दावेदार

नईदिल्ली (आरएनएस)। वाणिज्यिक बैंकों की कुल लावारिस जमा राशि 2018 में बढ़कर 14,578 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें 2017 की तुलना में 26.8 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह राशि 2017 में 11,494 करोड़ रुपये थी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सितंबर 2018 तक जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा लावारिस जमा 16,887.66 करोड़ रुपये थी, जबकि गैर-जीवन बीमाकर्ता की राशि 989.62 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि 2017 में लावारिश जमा राशि 11,494 करोड़ रुपये थी। यह 2016 में 8,928 करोड़ रुपये थी।

सीतारमण ने कहा कि कुल बिना दावे वाली जमा राशि में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी भारतीय स्टेट बैंक की है। इसकी हिस्सेदारी 2018 के अंत तक 2,156.33 करोड़ रुपये रही। उन्होंने कहा, जहां तक बैंकों में लावारिस जमा राशि का का संबंध है, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के पालन और इस अधिनियम में धारा 26ए को सम्मिलित करने से आरबीआई ने जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि (डीईएएफ) योजना, 2014 को बनाया है।

वर्ष 2018 में कुल लावारिश राशि 14,578 करोड़ रुपये थी, जिसमें एसबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों, निजी बैंकों, विदेशी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, और छोटे वित्तीय बैंकों में जमा ऐसी राशियां शामिल हैं। इस बीच एलआईसी के पास सितंबर 2018 में 12,892.02 करोड़ रुपये लावारिस थे, जबकि उसी वर्ष मार्च में 10,509.02 करोड़ रुपये लावारिश थे। अन्य जीवनबीमा कंपनियों के पास सितंबर 2018 तक 3,995.64 करोड़ रुपये लावारिश थे।

आरबीआई ने पीएनबी सहित 4 बैंकों पर लगाया भारी भरकम जुर्माना

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और यूको बैंक सहित सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों पर अपने केवाईसी जरूरतों और चालू खाता खोलने के नियमों का अनुपालन नहीं करने को लेकर 1.75 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। पीएनबी, इलाहाबाद बैंक और यूको बैंक पर 50-50 लाख रुपये और कॉरपोरेशन बैंक पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

रिजर्व बैंक ने इसका ब्योरा देते हुए कहा कि यह जुर्माना केवाईसी या मनी लांड्रिंग रोधक मानदंडों तथा चालू खाता खोलने से संबंधित उसके दिशानिर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए लगाया गया है।

छह दिन बाद लगा पेट्रोल, डीजल की महंगाई पर ब्रेक

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि का सिलसिला एक बार फिर थम गया है। तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को पट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में बीते सत्र में आई भारी गिरावट के बाद रिकवरी आई है। ब्रेंट क्रूड के दाम में मंगलवार को तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई थी। इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में मंगलवार को पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 70.51 रुपये, 72.75 रुपये, 76.15 रुपये और 73.19 रुपये प्रति लीटर रहे। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 64.33 रुपये, 66.23 रुपये, 67.40 रुपये और 67.96 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं। तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल के दाम में दिल्ली में सात पैसे, कोलकाता में आठ पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में चार पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की थी।

बैंक धोखाधड़ी मामले में सिंभावली शुगर मिल की 110 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक बैंक से धोखाधड़ी के मामले में उत्तर प्रदेश के हापुड़ में सिंभावली शुगर्स लिमिटेड की 109 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी के एक बयान में कहा गया है कि इन संपत्तियों में भूमि, इमारतें व संयंत्र व सिंभावली में स्थित कंपनी की मशीनरी शामिल हैं।

बयान में कहा गया है कि धन शोधन अधिनियम के तहत जब्त करने की कार्रवाई की गई है। एजेंसी ने सिंभावली शुगर्स लिमिटेड व अन्य के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दाखिल प्राथमिकी के आधार पर एक मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने यह प्राथमिकी सिंभावली व अन्य पर गन्ना किसानों के वित्तपोषण के बहाने ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स से धोखाधड़ी करने को लेकर दर्ज किया है।

सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, कंपनी द्वारा 5,762 किसानों को सहायता देने के लिए बैंक द्वारा 148.59 करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया था, लेकिन कंपनी ने इसका इस्तेमाल अन्य उद्देश्यों के लिए किया। ईडी ने कंपनी के उत्तर प्रदेश के नोएडा व सिंभावली के कार्यालयों की तलाशी ली और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। जांच के दौरान यह पता चला कि कंपनी को नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा था और उसने बैंक से कर्ज के लिए आरबीआई के ब्याज अनुदान योजना के तहत संपर्क किया। आरबीआई की योजना के तहत 5,762 किसानों को फसल के पहले व बाद में वित्तीय सहायता देनी थी।

एक साल में पहली बार सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में गिरावट, जून में 49.6 पर: पीएमआई

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में जून महीने में मई 2018 के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई है। इसकी वजह कमजोर बिक्री , प्रतिस्पर्धा का दबाव और प्रतिकूल कराधान रहा , जिसने उत्पादन को प्रभावित किया। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। आईएचएस मार्किट इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी सूचकांक जून महीने में गिरकर 49.6 पर आ गया। मई महीने में यह 50.2 पर था। मोटे तौर पर सुस्त बिक्री की वजह से कारोबारी गतिविधियों में एक साल में पहली बार गिरावट आई है। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विस्तार का संकेत देता है जबकि 50 से नीचे का सूचकांक संकुचन को दर्शाता है। आईएचएस मार्किट की प्रधान अर्थशास्त्री पोलयाना डी लीमा ने कहा , भारत के हालिया पीएमआई नतीजे साल की शुरुआत में सेवा क्षेत्र में देखी गई मजबूत वृद्धि के स्थायित्व और कंपनियों के रोजगार सृजन की क्षमता पर संकट खड़ा करते हैं। सेवा क्षेत्र में , व्यवसायिक गतिविधियों में गिरावट दर्ज की गई है। यह स्थिति बिक्री में सुस्ती के चलते है। लीमा ने कहा , जीएसटी लागू होने के दो साल बाद भी कुछ कंपनियां मांग में नरमी को कर की उच्च दरों से जोड़ रही हैं। यह आश्चर्यजनक है। इस बीच , आईएचएस मार्किट कंपोजिट पीएमआई आउटपुट सूचकांक मई में 51.7 से गिरकर जून में 50.8 पर आ गया। यह एक साल का सबसे निचला स्तर है। यह सूचकांक विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दोनों को दर्शाता है। लीमा ने कहा कि भारतीय सेवा प्रदाता आगामी महीनों में मांग में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं।

गैलेक्सी फोल्ड लांच होने पर सैमसंग के सीईओ शर्मिंदा

सियोल (आरएनएस)। अपने क्रांतिकारी गैलेक्सी फोल्ड स्मार्टफोन के असफल होने के बाद सैमसंग के सीईओ डीजे कोह ने कथित तौर पर कहा कि ठीक से तैयार होने से पहले डिवाइस को जल्दबाजी में उतारा गया और वह इसके लांच होने से शर्मिंदा हैं। गैलेक्सी फोल्ड लांच की बात करते हुए सैमसंग आईटी एंड मोबाइल कम्युनिकेशंस डिवीजन के अध्यक्ष और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा, यह शर्मनाक था। मैंने इसे तैयार होने से पहले जल्दी में लांच किया। अभी के लिए कंपनी वसूली की प्रक्रिया में है और बहुत सारे परीक्षण कर रही है। अर्स टेकचानिका ने मंगलवार को कोह के हवाले से कहा, फिलहाल, सभी पहलुओं में 2 हजार से अधिक उपकरणों का परीक्षण किया जा रहा है।

आज का राशिफल

मेषः- आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। यदि आप किसी व्यक्ति , बैंक या संस्था से कर्ज लेना चाहें तो कदापि न लें, आज लिए गए कर्ज का उतरना कठिन रहेगा।

वृषभः- आज का दिन बहुत व्यस्त रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रूके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

मिथुनः- आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित हो सकता है। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपकी धर्म, आध्यात्म के प्रति रूचि सुदृढ़ होगी।

कर्कः- भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

सिंहः- माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे, मधुरवाणी का प्रयोग करें, अन्यथा संबंधो में कटुता आएगी।

कन्याः- आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे।

वृश्चिकः- आज आपका मन अशांत एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं।

धनुः- आज आपकी विद्या, ज्ञान की वृदि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी।

मकरः- ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में आपका मन लगेगा एवं रूके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नए कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें, भविष्य में लाभ होगा।

कुंभः- आज का दिन बुद्धि विवके से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आपको अपने परिजनों से विश्वासघात होने की आशंका है। सांसारिक सुख भोग, नौकर चाकरों का सुखपूर्ण रूप से मिलेगा।

मीनः- बहुत समय से पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्ति त्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे।

बांग्लादेश ने बेहतरीन क्रिकेट खेली : कोहली

बर्मिंघम (आरएनएस)। भारतीय टीम ने बेशक मंगलवार को आईसीसी विश्व कप-2019 के मुकाबले में बांग्लादेश को 28 रनों से हरा दिया हो लेकिन यह जीत उसे आसानी से नहीं मिली क्योंकि बांग्लादेश ऑल आउट न होने से पहले तक मैच में थी। भारत के कप्तान विराट कोहली ने भी इस बात को माना है और बांग्लादेश के इस विश्व कप में प्रदर्शन की तारीफ की है। बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने 66 और मोहम्मद सैफउद्दीन ने नाबाद 51 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। जसप्रीत बुमराह ने 48वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो विकेट लेकर बांग्लादेश को हार सौंपी।

मैच के बाद कोहली ने कहा, बांग्लागेश ने इस टूर्नामेंट में लाजवाब क्रिकेट खेली है। जब तक आखिरी गेंद फेंकी गई तब तक वह मैच में थी। उन्होंने सकारात्मकता से बल्लेबाजी की।भारत ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है और वह ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन गई है। भारत से पहले मौजूदा विजेता आस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। कोहली ने इस पर कहा, अंकतालिका में आपके नाम के सामने क्वालीफाई लिखा होना देखना सुखद अहसास है। यह हमें अच्छी मानसिकता में रखेगा।

भारत के लिए इस मैच में 104 रनों की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच चुने गए। रोहित के बारे में कप्तान ने कहा, मैं उन्हें काफी लंबे समय से देख रहा हूं और इसलिए कह सकता हूं कि वह वनडे में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। जब वह इस तरह से खेलते हैं तो सभी को बहुत खुशी होती है। चार विकेट लेने वाले बुमराह पर कोहली ने कहा, उनके ओवर हमारे लिए हमेशा से अहम रहे हैं इसलिए हम उन्हें हमेशा चार ओवरों के बाद रोक लेते हैं। वह विश्व स्तर के गेंदबाज हैं और जानते हैं कि कब क्या करना है।

अमेरिकी सांसदों ने चीन की कंपनियों को सेटेलाइट बेचे जाने पर ट्रंप प्रशासन से जानकारी मांगी

वॉशिंगटन (आरएनएस)। रिपब्लिकन पार्टी के दो शीर्ष सांसदों ने ट्रंप प्रशासन से उस प्रक्रिया की सूचना मांगी है जिसके तहत बोइंग ने अमेरिका निर्मित सेटेलाइट चीन से जुड़ी कंपनियों को मुहैया कराए हैं। सांसदों ने संदेह जताया कि चीन इस प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल मानवाधिकार हनन के लिए कर सकता है। रिपब्लिकन सांसद चक ग्रास्ले और जोनी अर्नेस्ट ने विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ को पत्र लिख कर कहा कि मजबूत निर्यात नियंत्रण कानून यह सुनिश्चित करने के लिए अहम है कि संवेदनशील तकनीक ऐसे हाथों में ना पड़े जो उसका इस्तेमाल अमेरिका के खिलाफ कर सकते हैं। पत्र में सांसदों ने लिखा है, ''चीनी सेना और पुलिस द्वारा अमेरिकी सेटेलाइट तकनीक का इस्तेमाल सेना, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा मानवाधिकारों के लिए गंभीर चिंता पैदा करते हैं।''

इसमें कहा गया, ''इन सेटेलाइटों का इस्तेमाल चीन के सैन्य लक्ष्यों को आगे बढ़ाने तथा प्रौद्योगिकियों के विकास में किया जा सकता है जो अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम चिंता पैदा करता है।''

वड़ा पाव बनाने की विधि...

समाग्री-

8-10 - लहसुन, 1/2 कप घिसा हुआ नारियल, 1 टेबलस्पून मुंगफली, 2 टी स्पून लाल मिर्च, 1 टेबल स्पून, 1 टेबल स्पून सफेद तिल, 1 टी स्पून धनिया, 1 टी स्पून हल्दी, नमक स्वादानुसार, 1 टी स्पून तेल

विधि :-

सबसे पहले पैन गर्म करके उसमे तेल डालकर लहसुन को भून ले हल्की गैस पर 1मिन्ट तक फिर प्लेट मे निकाल लें उसके बाद नारियल के बुरादे को भी भून कर प्लेट मे निकाल ले।

फिर तिल को भी भून ले करीब 30 सैंकड तक ज्यादा न भूने वरना तिल कडवे हो जाएगें।

थोडा ठंडा होने पर भूना लहसुन ,नारियल , और तिल को ग्रांडर मे डालें और बाकी के मसालें भी डाल कर पीस लें।

वड़ा पाव मसाला तैयार है।

नोटः- आप इसे फ्रिज मे 15 दिन तक रख सकते है

अगर आप लाल मिर्च पीसी के जगह 4 साबूत मिर्च लेगें तो स्वाद ज्यादा टेस्टी होगा

नारियल को बस इतना भूने की वो हल्का भूरा हो न की डार्क हो

शब्द सामर्थ्य- 14

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 13 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तीं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 14

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.13 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6